an>

Title: Demand for a permanent solution to recurring artificial flood in Guhawati, Assam.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं असम के गौहाटी को रिप्रजेंट करती हूँ । यह नॉर्थ-ईस्ट का प्रवेश द्वार है । सबसे बड़ी बात यह है कि गौहाटी के चारों तरफ पहाडियाँ हैं और इसके बीच से ब्रह्मपुत्र नदी बह रही है । लेकिन दुख की बात यह है कि हर साल गौहाटी में आर्टिफिशियल फ्लड के कारण लोग बहुत ही परेशान हैं । इसलिए मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूँ कि आर्टिफिशियल फ्लड का साइंटिफिकली समाधान निकालकर इसे खत्म किया जाए ।

जब मैं इलेक्शन लड़ रही थी, तो सभी लोगों का यही कहना था कि हमें पीने का पानी चाहिए और यह जो हर साल आर्टिफिशियल फ्लड हो रही है, उसे खत्म किया जाए । यह मेरी विनती है, इसे मैं सरकार की नज़र में डाल रही हूँ ।